हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025



धनतेरस, दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...
Hero Genuine Spare Parts
सादिक मोटर्स
हीरो पार्टस, डिस्ट्रीब्यूटर के अधिकृत प्रतिनिधि
ओरिजनल स्पेयर पार्टस, स्टॉकिस्ट हीरो मोटर सायकल के अधिकृत स्पेयर पार्टस विक्रेता
पुनीत ढाबा के पास, बस स्टैण्ड नवापारा, मोहम्मद सादिक, मो.: 98261-74507, भूषण पटेल, मो.: 93405-54361

## विद्युत संविदा कर्मचारी संघ की हड़ताल आज से

**राजिम।** छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ आज 18 अक्टूबर धनतेरस से अनिश्चितकालीन कामबंद, हड़ताल करने जा रहे है। एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि वे नियमितिकरण सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। बताया कि 16 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनी और विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के बीच वार्ता पत्र भेजकर चर्चा के लिए बुलाया था परंतु किसी भी मांग पर सहमति नही बन पाया, जिसके चलते ये निर्णय लेने के लिए संविदा कर्मचारी संघ बाध्य हुए हैं। दी गई जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी में 2400 संविदा कर्मचारी मैदानी कार्य को संभालते हुए जान को जोखिम में डालकर हर घर तक बिजली पहुंचा रहे हैं बावजूद मांगों के प्रति कंपनी कोई ध्यान नहीं दे रही है।

## दिवाली पूर्व वेतन मिलने से कर्मचारियों में हर्ष

**राजिम।** शासकीय कर्मचारियो को दीपावली के पूर्व 18 अक्टूबर तक भुगतान के आदेश सरकार द्वारा कर दिया गया है। इस आदेश से कर्मचारी एवं उनके परिवार में प्रसन्नता का वातावरण है। शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता एवं रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा, संभागीय सचिव ओंकार वर्मा ने कहा कि दीपावली के पूर्व वेतन मिलने से समस्त कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। शिक्षक संघ ने राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है। ज्ञात हो कि संगठन ने दीपावली के पूर्व समस्त कर्मचारियों को वेतन देने का आग्रह सरकार से किया था।







प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला-गरियाबंद, मो.: 79871-24123







प्रस्तुति : श्याम किशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय, राजिम, मो. 7987124123 लक्ष्मी पूजा एवं दीपावली पर बेहतरीन आकर्षक, रंगीन विज्ञापन के लिए संपर्क करें

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025

16 समाजसेवी संस्थान पृथ्वी फाउंडेशन पहुंचा स्लम...

16 धनतेरस पर नवापारा-राजिम का बाजार सजा...




आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
•सेल्समैन-सेल्सगर्ल
•कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
•लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470

# भालू डिग्गी जंगल से भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद, संयुक्त कार्रवाई में मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिला गरियाबंद में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मैनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भालू डिग्गी के जंगल क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखी गई (डम्प की हुई) भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद की गई है। यह कार्रवाई कुल्हाडीघाट 65(एफ) बटालियन सीआरपीएफ, बिन्द्रानवागढ़ 65(जी) बटालियन सीआरपीएफ और जिला पुलिस की एक संयुक्त टीम द्वारा की गई। 17 अक्टूबर को मिली खुफिया सूचना के आधार पर, यह संयुक्त टीम भालू डिग्गी के जंगल पहाड़ी क्षेत्र में सर्चिंग अभियान के लिए रवाना हुई थी। सघन सर्चिंग के दौरान, आज सुबह लगभग 10:00 बजे पुलिस जवानों को नक्सलियों द्वारा डम्प की गई सामग्री मिली। बरामद सामानों में मुख्य रूप से मैग्जीन पोच, मेडिकल टैबलेट, फोल्डींग स्टूल, त्रिपाल के साथ-साथ अन्य नक्सली उपयोग की सामग्री शामिल है।

## संयुक्त कार्रवाई से नक्सलियों के मंसूबे नाकाम




**नक्सली मंसूबे नाकाम-** मिली जानकारी के अनुसार, शासन द्वारा प्रतिबंधित माओवादी संगठन एसडीके एरिया कमेटी के माओवादियों ने पुलिस पार्टी और ग्रामीणों को नुकसान पहुंचाने तथा क्षेत्र में दहशत फैलाने के उद्देश्य से इस सामग्री को जंगल में छिपाकर रखा था। सुरक्षा बलों की सतर्कता और संयुक्त कार्रवाई से नक्सलियों के ये मंसूबे नाकाम हो गए हैं। इस सफलता से नक्सल विरोधी अभियानों को और गति मिलेगी और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी।

## खबर संक्षेप

### पंच दिवसीय त्योहार धनतेरस से शुरू

**छुईहा बेलर।** दिवाली को दीपावली के नाम से भी जाना जाता है, जो हिंदूओं का सबसे प्रमुख पर्व माना जाता है। क्षेत्र के ज्योतिषाचार्य पं. त्रिभुवन मिश्रा बारूला वाले भगवताचार्य ने कहा की हिंदू पंचांग के अनुसार,



दिवाली का त्योहार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। दिवाली का पंच दिवसीय त्योहार धनतेरस से शुरू हो जाता है। तो चलिए यहां पं. त्रिभुवन मिश्रा से जानते हैं कि 5 दिवसीय दिवाली के सभी त्योहारों की सही तिथि क्या रहने वाली है। कहा कि हर वर्ष दिवाली का पर्व 5 दिनों तक मनाया जाता है, जिसकी शुरुआत धनतेरस, नरक चतुर्दशी (छोटी दिवाली), दीपोत्सव लक्ष्मी पुजा, गोवर्धन पूजा और भाई दूज तक समापन होता है। त्रिभुवन मिश्रा के अनुसार महाराज 18 अक्टूबर शनिवार धनतेरस, 19 अक्टूबर 2025 रविवार नक्षत्र नहीं होने से निरंक, 20 अक्टूबर 2025 सोमवार नरक चतुर्दशी, दीपोत्सव महालक्ष्मी पूजन 21 मंगलवार, 22 अक्टूबर बुधवार गोवर्धन पूजा अन्नकुट, 23 अक्टूबर गुरुवार भाई दूज मातर उत्सव त्योहार मनाया जायेगा।

### सर्पदंश से मौत, 4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके ने प्राकृतिक आपदा से हुई मृत्यु के एक मामले में मृतक के परिजन को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। यह सहायता राशि राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के तहत प्रदान की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छुरा तहसील के ग्राम मुढीपानी निवासी 57 वर्षीय सुकरू राम की मृत्यु 23 सितम्बर 2024 को सर्पदंश से हो गई थी। कलेक्टर ने इस प्राकृतिक आपदा में दिवंगत हुए सुकरू राम के निकटतम परिजन कारी बाई मरकाम को यह 04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

### अंचलों में सुआ नृत्य की धूम



**मुड़ागांव कोरासी।** छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों पारंपरिक 'सुआ नृत्य' की धूम मची हुई है। मुड़ागांव, रानीपरतेवा, अकलवारा, कसेकेरा, अमेठी, सोरिद खुर्द, फिंगेश्वरी, नवाडिह, साजापाली, भैरा, नवापारा, करकरा, कोरासी, मड़ेली, खड़मा पंक्तियां, जुनवानी, कनेसर आदि कई गांवों में यह सांस्कृतिक विरासत जीवंत हो उठी है। छह वर्ष की छोटी बच्चियों से लेकर 18 वर्ष तक की बालिकाओं द्वारा यह नृत्य बड़े उत्साह के साथ किया जा रहा है।

## निधन

### प्राणदास मानिकपुरी

**छुईहा बेलर।** ग्राम बेलर निवासी प्राण दास मानिकपुरी का निधन



शुक्रवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## दहशत : हाथियों के दल ने पहाड़ी गांव में मचाया आतंक

# हाथियों का आतंक जारी, चार मकान तोड़े, पहाड़ी गांवों में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

■ ग्रामीणों को जान बचाने पंचायत और स्कूल भवन में लेना पड़ आश्रय

मैनपुर क्षेत्र में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। 16 अक्टूबर को क्षेत्र के हजारों लोगों ने धरना प्रदर्शन उग्र रैली निकालकर हाथियों के आतंक से निजात दिलाने के साथ ही मुआवजा की मांग किया था। आंदोलन में शामिल होने के बाद पूरे ग्रामीण घर भी नहीं पहुंचे थे और हाथियों के दल एक बार फिर गांव के भीतर घुसकर जमकर आतंक मचाया और चार मकानों को तोड़कर तहस नहस कर दिया। ग्रामीणों को जान बचाने भाग कर पंचायत एवं स्कूल भवन में आश्रय लिया और इसकी सूचना वन विभाग को दिया। वन विभाग की टीम रात में ही हाथी प्रभावित ग्रामों में पहुंचा। मैनपुर मुख्यालय के आसपास विचरण कर रहे हाथियों का दल कल पहाड़ी क्षेत्र में पहुंच गया। वन परिक्षेत्र कुल्हाड़ीघाट अंतर्गत ओड़ आमामोरा, हथौड़ाडीह, नगराल क्षेत्र में इन दिनो हाथियों के द्वारा अब उत्पात मचाया जा रहा है। कल गुरूवार को हाथियों का दल आमामोरा ओड़ पहाड़ी के ग्राम हथौड़ाडीह में धावा बोल दिया। हाथियों का दल शाम 7 बजे ही ग्राम के भीतर पहुंच गया और हाथियों के चिंघाड़ से ग्रामीण भयभीत होकर जान बचाकर भागे। कई ग्रामीण परिवार पंचायत भवन और स्कूल में आश्रय लिया है। हाथियों के दल ने हथौड़ाडीह ग्राम में चार मकानों और लारियों को पूरी तरह तोड़ फोड़ दिया है। साथ ही धान के फसलों को जमकर नुकसान पहुंचाया है। इसकी जानकारी लगते ही वन विभाग की टीम भी रात को पहुंची लेकिन तब तक हाथियों के दल ने मकानों और फसलों को जमकर नुकसान पहुंचा। अब मैनपुर क्षेत्र से हाथियो का दल पहाड़ी गांव में पहुंच गया है। यहां अधिकांश ग्रामीण झोपड़ी और छोटे-छोटे कच्चे मकानों में निवास करते है जिनके सामने अपनी सुरक्षा को लेकर भारी दहशत देखने को मिल रही है।




**विभाग की टीम कर रही निगरानी**

वन विभाग के राकेश मारकंडे ने बताया की हाथियों का दल पहाड़ी ग्राम हथौड़ाडीह में ग्रामीणों के मकानों को तोड़ फोड़ किया है। इसकी जानकारी लगते ही रात में ही वन विभाग की टीम पहुंच गई थी और आसपास ग्रामों में मुनादी करा कर लोगों को हाथियों से दूरी बनाकर रहने अपील किया जा रहा है। वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है।

# कौंदकेरा के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय तैराकी में जीते 6 मेडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

■ 6 मैडल प्राप्त कर जिले का नाम किया रोशन

25 वीं छत्तीसगढ़ शालेय राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पंचायत कौंदकेरा के खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर मेडल प्राप्त कर अपने शाला के साथ-साथ विकासखंड एवं गरियाबंद जले का नाम रोशन किया है। कोरबा में 12 नवम्बर से 15 नवम्बर तक राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता आयोजित था जिसमें छत्तीसगढ़ के पांच संभाग रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा और बस्तर संभाग से खिलाड़ी प्रतियोगिता मे भाग लिए। उक्त प्रतियोगिता में तैराकी के अनेक विधाओं के तहत की प्रतियोगिताएं संपन्न हुआ जिसमें कौंदकेरा विद्यालय से 10 खिलाड़ी शामिल हुए। जिसमें 6 छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाकर मेडल प्राप्त करने में सफतलता हासिल की है। सफल छात्र आर्यन मंडल 14 वर्ष में बैक स्टाइल 50 मी में स्वर्ण पदक, धनेश्वरी कोशरे 14 वर्ष में 50 मीटर बटरफ्लाई में स्वर्ण पदक, मयंक साहू 17 वर्ष में 100 मीटर बैक स्टाइल में कांस्य पदक, संगीता कौशल 19 वर्ष में 100 मीटर बैक स्टाइल में कांस्य पदक, स्टाइल भारती बंजारे ने बटरफ्लाई में 17 वर्ष उम्र में कांस्य पदक, एशांत साहू 100 मी बैक स्टाइल में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस प्रकार से खिलाड़ियों ने तैराकी में 6 मैडल प्राप्त कर गरियाबंद जिले का नाम रोशन किया है। उनके इस उपलब्धि को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी जगदीश धीर, विकाशखण्ड शिक्षाधिकारी हेमंत साहू, संस्था के प्राचार्य एमआर रात्रे शाला प्रबंधन समिति के सदस्य गण, ग्राम के सरपंच विद्यालय के शिक्षक गण एवं मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# ई-मार्केटप्लेस व डिजिटल मार्केटिंग पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों, स्व-सहायता समूहों और पारंपरिक कारीगरों को डिजिटल माध्यम से बाजार से जोड़ने के उदेश्य से, उद्योग संचालनालय और सीएसआईडीसी रायपुर एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा जिला पंचायत के सभाकक्ष में ई-मार्केटप्लेस एवं डिजिटल मार्केटिंग विषय पर दिनांक 16.10.2025 को प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम भारत सरकार की रैम्प योजनान्तर्गत हुआ है। कार्यशाला में जिले के 63 प्रतिभागी जिसमें स्व-सहायता समूह, सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यमी उपस्थित हुए। इस अवसर पर राज्य परियोजना कार्यान्वयन इकाई रैम्प योजना सीएसआईडीसीए रायपुर डॉ. योगेश शर्मा ने राज्य में चल रही रैम्प योजना की गतिविधियों जैसे उद्यमिता जागरूकता, निर्यात प्रशिक्षण, डिजिटल विपणन और वित्तीय पहुँच पर विस्तार से जानकारी दी गई। डिजिटल मार्केटिंग सत्र में श्री मीमो प्रसाद, निदेशक, इन्टेलीग्रेटर टेक्नोलॉजीस प्राईवेट लिमिटेड रायपुर ने इंडियामार्ट ई.कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म पर विक्रता पंजीकरण के साथ-साथ सोशल मीडिया और मोबाइल ऐप्स के माध्यम से कम लागत में उत्पादों की ब्रांडिंग व बिक्री बढ़ाने के सरल उपाय बताए। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण तस्वीरें, आकर्षक विवरण और ग्राहकों से नियमित संवाद स्थानीय उत्पादों को वैश्विक ब्रांड बनाने में सहायक हैं।

इस अवसर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र गरियाबंद के महाप्रबंधक श्री दीनबंधु ध्रुव द्वारा बताया गया कि किसी भी इकाई/उद्योग द्वारा वस्तु का उत्पादन करने के पश्चात बाजार में बेचने की बहुत ज्यादा समस्या रहती है। जिसे ई कॉमर्स प्लेटफार्म के माध्यम से आसानी से बिक्री किया जा सकता है। इस अवसर पर उन्होने कहा कि स्थानीय उत्पादों को डिजिटल मंचों से जोड़कर राष्ट्रीय पहचान दिलाई जा सकती है।

### अघोषित बिजली कटौती बिल से आम जनता त्रस्त

**मुड़ागांव(कोरासी)।** अघोषित बिजली कटौती एवं बिजली बिल की बढ़ोत्तरी से आम जनता को क्वांर कार्तिक महीने में रही भारी परेशानी। बढ़ी हुई बिजली बिल से क्षेत्र के लोग भारी आक्रोशित हैं। वहीं गरीब आम जनता की कमर ढीली हो रही है। एक तरफ अनेकों तरह से लाभ दिया जा रहा है लेकिन एक तरफ से आम जनता को शोषित किया जा रहा है। कमर तोड़ बिजली बिल से आम जनता हिल गई है। एक एक माह में बिजली बिल बढ़ी हुई दर पर मिल रही है। एक हजार,दो हजार,तीन हजार,चार हजार, इससे और भी ज्यादा ज्यादा बिल आने से आम जनता पीस रहीं हैं। लगता है इस बार की दिपावली में कहीं झालर, कहीं बिजली नहीं लगा सकते हैं। क्योंकि इस बार बिजली बिल से आपको हार्ट अटेक आ सकता है। पूछने पर ऊपर से ही ऐसा हो रहा है बताते है। बिजली बिल में एकाएक बढ़ोत्तरी होने से उपभोक्ता काफी परेशान हैं। अब लगता है कि अंधेरे में ही दिन गुजारना पड़ेगा।

# बाढ़ पीड़ितों के साथ मनाई दीपावली, 30 दिव्यांग व अनाथ बच्चों को मिले नए कपड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



महाप्रभु वल्लभाचार्य की प्रागट्य स्थली चंपारण, स्वयम्भू चम्पेश्वर महादेव जो 3 रुपों में प्रगट है, वहीं पर चम्पेश्वर आशियाना संस्कार वेलफेयर फाउंडेशन चंपारण नाम की संस्था में दिव्यांग, मूक बधिर ,मंदबुद्धि, अनाथ 25 बच्चे है, जिसकी संचालिका अनामिका गोस्वामी ने बताया कि अभी कुछ दिन पहले महानदी में बाढ़ आने से चम्पेश्वर आशियाना में भी बाढ़ का पानी घुस गया,पूरा समान खराब हो गया,बच्चों को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया, अनामिका गोस्वामी ने बच्चों की पीड़ा नगर के समाजसेवी स्वर्गीय बजरंगलाल काबरा के परिवार को बताई ,कहा कि इन मासूम बच्चों के पास दिवाली मनाने कपड़े भी नही है,क्या ये बच्चे ऐसे ही रह जावेंगे,क्या इन्हें मिठाई भी नसीब नही होगी,जैसे ही समाजसेवी काबरा परिवार को यह बात पता चली तो सभी द्रवित हो गए,माँ विद्या देवी,राजू ,किशोर ,जितेंद्र ,दिपेश ,कैलाश ने तुरंत निर्णय किया कि इन बच्चों के साथ ही दीपावली मनाएंगे, इनके चेहरे की मुस्कराहट ही हमारी सच्ची दीपावली होगी। 25 बच्चे चम्पेश्वर आशियाना से एवं 5 बच्चे नगर के टोटल 30 बच्चों को चाय ,बिस्किट,चिप्स मिठाई दी गई, एवं सभी को नए कपड़े दिलाए गए। इस अवसर काबरा परिवार के अलावा, गोविंद दिपेश, प्रवेश राजपाल धरम साहू,, रूपेंद्र चन्द्राकर,संतोष अग्रवाल ,भारती,पिंकी,तुलसी साहू,कविता इसरानी आदि उपस्थित थे, बच्चों ने बिना पुस्तक देखे कपड़ा दुकान में हनुमान चालीसा किया, आज बच्चों ने नए कपडे. पहनकर मुस्कान उनके आंखों से झलक रही थी ,उन्हें देखकर सबकी आंखे भर आईं, संचालिका अनामिका गोस्वामी ने सबका आभार प्रकट करते हुवे कहा कि आज स्वर्गीय बजरंगलाल काबरा परिवार ने सहयोग किया है उसके लिए चम्पेश्वर महादेव से प्रार्थना है कि यह परिवार यैसे ही दिन दुखियों की सेवा करते रहे,राजपाल परिवार एवं उपस्थित सभी का धन्यवाद किया।

## राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कमार जनजाति की महिलाओं की अनोखी मांग

# आजीविका के लिए 10 लीटर महुआ शराब बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के आमझर गांव से आईं विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय की महिलाओं ने आज कलेक्टर कार्यालय में एक अनोखा आवेदन सौंपकर सबका ध्यान आकर्षित किया। ये महिलाएं, जो खुद को राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले समुदाय से बताती हैं, अपनी आजीविका चलाने के लिए महुआ शराब बनाने और बेचने की अनुमति मांग रही हैं। ग्राम आमझर की इन कमार महिलाओं ने कलेक्टर बीएस उइके के नाम ज्ञापन सौंपते हुए अपनी दयनीय स्थिति बताई। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि उन्हें कम से कम 10 लीटर तक महुआ शराब बनाने और बेचने की अनुमति दी जाए, ताकि वे अपने बच्चों का पेट पाल सकें।



महिलाओं ने बताया कि वे गरीब परिवार से हैं और उनके पास आजीविका का कोई अन्य साधन नहीं है। एक बुजुर्ग महिला ने कहा, हम तो जंगल से महुआ बीनते हैं, उसी से थोड़ी-बहुत शराब बनाकर घर चलाते हैं। पुलिस हमें मना करती है, पर हमारे पास कोई दूसरा काम नहीं है।



**पुलिस का दबाव-** उन्होंने शिकायत की कि पुलिस बार-बार गाँव आकर उन्हें धमकाती है और शराब न बनाने की चेतावनी देती है। महिलाओं ने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन उन्हें अनुमति नहीं देता है, तो उनके सामने भूखमरी की नौबत आ जाएगी। ज्ञापन पर लक्ष्मी बाई, सविता, सुनीता, रमीला, कुसुम बाई जैसी ग्रामीण महिलाओं के हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान लगे हुए हैं।

**प्रशासन के सामने धर्मसंकट-** कमार जनजाति की ये महिलाएं अपनी पारम्परिक आजीविका और जीवनयापन के अधिकार को लेकर प्रशासन से गुहार लगा रही हैं, जबकि वर्तमान कानून शराब बनाने और बेचने की अनुमति नहीं देता। ग्रामीण महिलाओं ने ज्ञापन में पुलिस द्वारा दी जा रही मारपीट और धमकी की घटनाओं पर उचित कार्रवाई करने की मांग भी की है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कलेक्टर और प्रशासन इन कमार समुदाय की महुआ वाली महिलाओं की इस भावनात्मक और कानूनी रूप से जटिल मांग पर क्या रुख अपनाता है क्या उनकी परंपरा को सम्मान मिलेगा या कानून की सख्ती बरकरार रहेगी।

# खुड़ियाडीह के 3 खिलाड़ी राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा के लिए बिलासपुर रवाना

**पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खुड़ियाडीह के 3 खिलाड़ी विद्यार्थी का चयन 26 वी राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए बिलासपुर रवाना हुए। यह प्रतियोगिता 18 दिसंबर तक आयोजित है आयु वर्ग अंडर 14 में 2 बालिका निशा एवम मुस्कान तथा आयु वर्ग अंडर 14 बालक वर्ग से सुरेश का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ था तीनों खिलाड़ी 18 अक्टूबर तक न्यायधानी बिलासपुर में अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। खुड़ियाडीह विद्यालय की पूर्व छात्रा कक्षा 9 की पुष्पलता का भी चयन अंडर 17 बालिका कबड्डी के लिए हुआ है। विदित हो कि गत वर्ष भी शाला से 2 बच्चे रितेश एवं पुष्पलता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना परचम लहरा चुके है। बच्चों के खेल के प्रति लगन पालकों के सहयोग एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन से खुड़ियाडीह खेल हब के रूप में रूप में विकसित हो रहा है



बच्चों के इस शानदार खेल प्रदर्शन के लिए जनपद सदस्य विष्णु राम नागेश सरपंच परसदाखुर्द खुर्द डिगेश्वरी ठाकुर महादेव विशाल शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राम रतन नागेश पंच प्रेमलाल नागेश संकुल प्रवीण कामत संकुल प्राचार्य परसदा खुर्द के साथ साथ शाला परिवार से प्रभारी प्रधान पाठक मनहरण पटेल, शिक्षक गण हुलेश साहू, तेजराम साहू शरीफ मोहम्मद कुरैशीच, सरफुद्दीन साहिल, लुनेश्वरी दीवान एवं कोच यूनुस खान जोहत पटेल, दीपक जांगड़े, राजकुमारी भोज सोनिया बाई कुमारी बाई आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

धनतेरस, लक्ष्मीपूजा एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...
सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य प्रदान करने वाली माता लक्ष्मी जी की कृपा आप सभी के ऊपर सदैव बनी रहे

श्री श्यामजी राईस मिल
यश पारबायलिंग यूनिट
नवापारा-राजिम
उच्च कोटि के चांवल निर्माता
मनमोहन-यश अग्रवाल
मो. 9826633304

धनतेरस, लक्ष्मीपूजा एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...
सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य प्रदान करने वाली माता लक्ष्मी जी की कृपा आप सभी के ऊपर सदैव बनी रहे

सागरी एग्रो प्रोडक्ट
प्राईवेट लिमिटेड कुर्रा-नवापारा
वैभव एग्रोटेक प्राईवेट लिमिटेड राजिम
उच्च कोटि के चांवल निर्माता
वैभव अग्रवाल मो.नं. 9826433111
मुकेश अग्रवाल मो.नं. 9826433166

धनतेरस, लक्ष्मीपूजा एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...
सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य प्रदान करने वाली माता लक्ष्मी जी की कृपा आप सभी के ऊपर सदैव बनी रहे

श्री इंडस्ट्रीज
बकली, राजिम
उच्च कोटि के चांवल निर्माता
प्रो. शुभम कंसारी

धनतेरस, लक्ष्मीपूजा एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...
सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य प्रदान करने वाली माता लक्ष्मी जी की कृपा आप सभी के ऊपर सदैव बनी रहे

शिवम इंडस्ट्रीज
कुर्रा
रूद्र इंडस्ट्रीज
चौबेबांधा राजिम
उच्च कोटि के चांवल निर्माता


महेश लालवानी
मो. नं. 9826623678


नवीन लालवानी
मो. नं. 9926000678


सावन लालवानी
मो. नं. 9826766678

धनतेरस, लक्ष्मीपूजा एवं दीपावली की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
महालक्ष्मी ज्वेलर्स
विश्वास की वैभवशाली परम्परा
हाल मार्क चांदी की शानदार पायल भी उपलब्ध



1 लाख रुपए की नकद जेवर खरीदी पर एक स्मार्टवॉच बिल्कुल फ्री
प्रो. लीलेश कुमार पारख, मो. 9826503701
पंजवानी चौक के पास, गंज चौक, नवापारा-राजिम

लक्ष्मी पूजा-दीपावली पर्व पर समस्त क्षेत्रवासियों, किसानों, व्यापारियों, नगरवासियों को हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...
लक्ष्मी पेड्डी प्रोसेसिंग यूनिट
कुर्रा, नवापारा-राजिम
प्रो. संतोष कुमार सुंदरानी 98264-36241
राकेश सुंदरानी 99770-19241
अंकिता सुंदरानी

धनतेरस, लक्ष्मी पूजा, दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



शरद पारकर
प्रदेश सोशल मीडिया
प्रभारी भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ छ.ग. एवं
प्रदेश अध्यक्ष छ.ग. निषाद समाज युवा प्रकोष्ठ

धनतेरस, लक्ष्मीपूजा एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...



गोपेन्द्र कुमार साहू
सामाजिक कार्यकर्ता
मो. 9754177794

प्रस्तुति : श्याम किशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय, राजिम, मो. 7987124123 लक्ष्मी पूजा एवं दीपावली पर बेहतरीन आकर्षक, रंगीन विज्ञापन के लिए संपर्क करें


धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएं...
नई साज सज्जा के साथ
गुरूदेव ज्वेलर्स
विश्वास की वैभवशाली परंपरा
नई डिजाईनों में सोने-चांदी का
हर आभूषण हाजिर स्टॉक में
उचित ब्याज पर गिरवी रखी जाती है...
हर खरीदी में विशेष उपहार
5 लकी कस्टमर को सोने का सिक्का
हस्तमल रानूलाल बोथरा
सदर बाजार, नवापारा-राजिम,
फोन नं. 07701-233333


समस्त क्षेत्रवासी एवं शहरवासियों को
धनतेरस एवं दीपावली पर्व
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
पंकज ज्वेलर्स
नये फैंसी डिजाईन के साथ
हर रेंज के सोने-चांदी के जेवरों का
विशाल संग्रह
प्रो. पंकज पारख
9826641703


धनतेरस, लक्ष्मी पूजा एवं दीपावली की
हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...
नई साज सज्जा के साथ... आपके विश्वास का प्रतीक
नीलम ज्वेलर्स
नगर पंचायत रोड, राजिम
मो. 98266-41649
नीलम बर्तन भंडार
प्रो. नीतू जैन, मो. 80851-41649

# धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...

## नवकार ज्वेलर्स
सच्चा सौदा ईमानदारी का

BIS

**सोना का भाव, मजदुरी और टैक्स, सब मिलाकर सबसे कम है।**

नवकार ज्वेलर्स का वादा:-

हम आपको
सोने का भाव + मजदुरी + टैक्स ,
सब मिलाकर सबसे कम
और सही दाम पर सोना देते है।

**नवकार ज्वेलर्स**

| | | |
|---|---|---|
| शांति विजय एंम्पोरियम के नीचे,सुंदरलाल शर्मा चौक, राजिम मो.- 6269801000 | पुराना जिला सहाकारी बैंक के पास , गंज रोड , नवापारा , राजिम मो.- 6269702000 | नत्थानी बिल्डिंग,बुढ़ा तालाब ढलान,पुराना रामकृष्ण हॉस्पिटल के सामने,रायपुर मो.-6269703000 |

इसके अलावा हमारी कोइ अन्य संस्था नही है!

## नवकार ज्वेलर्स
सच्चा सौदा ईमानदारी का

BIS

हमारे यहाँ 100% हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध हैं-
वो भी होलसेल रेट पर ,

हम केवल BIS HALLMARK वाले गहने जैसे कि
**22K (916) एवं 20K (833)**
मार्क वाला गहने की ही बिकि करते है।

सोने कि शुद्धता कि जॉच के लिए हमारे पास जापानी तकनीक वाला गोल्ड टेस्टिंग मशीन भी उपलब्ध है!

जिससे हमारे और अन्य किसी के भी सोने कि शुद्धता कि प्रत्यक्ष रुप से जॉच कर सकते है

हमारी होलसेल संस्था भी है !

**नवकार ज्वेलर्स**

| | | |
|---|---|---|
| शांति विजय एंम्पोरियम के नीचे,सुंदरलाल शर्मा चौक, राजिम मो.- 6269801000 | पुराना जिला सहाकारी बैंक के पास , गंज रोड , नवापारा , राजिम मो.- 6269702000 | नत्थानी बिल्डिंग,बुढ़ा तालाब ढलान,पुराना रामकृष्ण हॉस्पिटल के सामने,रायपुर मो.-6269703000 |

## धनतेरस एवं दीपावली के शुभअवसर पर खरीदे

100% BIS Licensed Hallmark Jewellery



# जय छत्तीसगढ़ ज्वेलर्स

तो आईये, बढ़ाएं एक कदम, शुद्धता की ओर



सोने एवं चांदी के आभूषणों की संपूर्ण श्रृंखला
न्यूनतम मेकिंग चार्जेस एवं
बेस्ट गोल्ड प्राईज गारंटीड के साथ

सौदा करें शुद्धता, विश्वास
एवं सही कीमत का
सिर्फ और सिर्फ हमारे साथ

पुराना नगरपालिका के बाजू,
सदर रोड, नवापारा,
मो. 9584643678

## धनतेरस एवं दीपावली के शुभअवसर पर खरीदे

आर्टिफिशियल एवं डिजाइनर ज्वेलरी
की संपूर्ण रेंज उपलब्ध

# कृति बेन्टेक्स ज्वेलरी



आर्टिफिशियल एवं फैशन ज्वेलरी का शो-रूम



दिखने में सोने से कम नही
और खो जाये तो कोई गम नही

गोल्ड कवरिंग
ज्वेलरी पर
वापसी की गारंटी

कृपया एक बार पधारकर
सेवा का अवसर अवश्य प्रदान करें ।

सदर रोड, जैन भवन के पास, नवापारा (राजिम), मो. 9584643678

प्रस्तुति : श्याम किशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय, राजिम, मो. 7987124123 लक्ष्मी पूजा एवं दीपावली पर बेहतरीन आकर्षक, रंगीन विज्ञापन के लिए संपर्क करें




प्रस्तुति : श्याम किशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय, राजिम, मो. 7987124123 लक्ष्मी पूजा एवं दीपावली पर बेहतरीन आकर्षक, रंगीन विज्ञापन के लिए संपर्क करें

धनतेरस आज : दीपोत्सव के लिए मिट्टी के दीए की दिनभर होती रही खरीददारी

# धनतेरस पर नवापारा-राजिम का बाजार सजा, खरीदी को लेकर उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम





शनिवार को धनतेरस है। खरीदी के लिए धनतेरस को बड़ा महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। धनतेरस को लेकर इस अंचल का सबसे बड़ा मार्केट नवापारा और राजिम शहर का बाजार सजधज कर तैयार है। शहर का मेन मार्केट सदर बाजार और मंडी मार्ग पर मां लक्ष्मी पूजा से संबंधित माला, फोटो से लेकर सभी तरह की सामग्री आकर्षण का केंद्र बन गया है। सभी दुकानों में लाइट की चकाचौंध से पूरा मार्ग जगमगा रहा है। लोगों के बीच खुशियां और उत्साह भरा वातावरण छलका हुआ नजर आ रहा है। धनतेरस, दीपावली के महापर्व में शहर के चप्पे-चप्पे में नाना प्रकार की दुकानें सजी हुई हैं। खासतौर से मिट्टी के दीये की दिन भर खरीददारी होती रही। ईधर सदर बाजार में सराफा व्यापारियों की दुकानें तो सजी हुई है इसके अलावा महालक्ष्मी पूजा से संबंधित हर तरह की दुकानें शहर की रौनक बढ़ाई हुई है। मसलन महालक्ष्मी जी की फोटो से लेकर बताशा, लायचीदाना, माला जैसा हर आयटम लुभा रहा है। दीपावली पर्व से पहले परंपरानुसार महिलाओं और युवतियों की टोलियां सुआ नृत्य करती हुई पूरे बाजार भर दिखाई पड़ रही है। एक तरह से शहर में सुआ नृत्य की धूम मची हुई है। तकरीबन पचास से अधिक युवतियों की टोलियां रंग बिरंगे परिधानों में सजी हर गली, मुहल्ले सहित दुकानों में जाकर तरी हरी ना मोरे सुआना... गीत गाकर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक सुआ नृत्य को परदर्शित कर रही हैं।

## घर में सुख, शांति तथा वैभव के लिए दीप दान जरूरी

शहर के हरिहर हायर सेकेण्डरी स्कूल में फटाका मार्केट सज चुका है तो वहीं राजिम के मेला मैदान में भी जोरदार लाइटिंग के साथ फटाका दुकान सजाकर दुकानदार बैठ गए है। फटाको में इस बार एक से बढ़कर एक आयटम आया हुआ है जिसमें खासतौर से जी-बुंबा, किटकैट, स्वास्तिक वील, सायरन चकरी, सायरन अनार, ताजमहल, फोटो लेस, मैजिक, विट, 25 शॉट, 50 शॉट, 100 शॉट, 500 शॉट तक के नए फटाके शामिल है।इसके अलावा बम, मैजिक टॉर्च, डांसिंग विल जैसे बहुत से वैरायटी यहां मिल रहा है। शहर के व्यापारी बहुत खुश है क्योंकि रौनक बता रहा है कि धनतेरस में जमकर धन बरसेगा। लोग खरीदी के लिए सुबह से लेकर रात तक पहुंचते रहेंगे। पं. कन्हैया तिवारी के मुताबिक धनतेरस के अवसर पर धन के रक्षक, यक्षों के राजा कुबेर जी का विशेष पूजन का दिन है। कुबेर जी को प्रसन्न करने षोडशोपचार पूजन करके उत्तराभिमुख 13 दीप जलाकर स्थिर मां लक्ष्मी की कामना करने से मां प्रसन्न हो जाती है। घर में सुख समृद्धि, धन वैभव आता है। बताया कि घर में सुख, शांति तथा वैभव प्राप्ति हेतु दीप दान अवश्य करना चाहिए। धनतेरस में विशेषकर सोना, चांदी चिरस्थायी रहता है। इस मुहुर्त में शुभ कार्य व लेन-देन भी शुभ माना जाता है। खासकर ज्वेलरी, इलेक्ट्रानिक्स सामान और मां लक्ष्मी, भगवान श्री गणेश जी के पूजा के लिए खरीददारी का विशेष महत्व है।

## भगवान श्री राजीव लोचन का होगा विशेष श्रृंगार

राजिम। धनतेरस के शुभ अवसर पर भगवान श्री राजीव लोचन का विशेष श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की जाएगी। सुबह 5.30 बजे मंदिर खुल जाएगा। पुजारियों द्वारा भगवान श्री राजीव लोचन का विभिन्न प्रकार के अष्टद्रव्यों, पंचामृत से अभिषेक कर श्रृंगार किया जाएगा।







## समाजसेवी संस्थान पृथ्वी फाउंडेशन पहुंचा स्लम बस्तियों में



नवापारा-राजिम। शहर की समाजसेवी संस्थान पृथ्वी फाउंडेशन के सदस्यों ने शहर के स्लम बस्तियों में बच्चों के बीच पहुंचकर दिवाली मनाई। स्लम बस्ती के बच्चों को एकत्रित कर उन्हें मिठाई, बिस्किट एवं फटाखे बाटे। आर्थिक अभाव में स्लम बस्तियों के बच्चे सबसे बड़े दिवाली त्यौहार की खुशियों से वंचित न रह जाए इसी उद्देश्य से पृथ्वी फाउंडेशन ने अपनी सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए गरीब एवं वंचित वर्ग के बच्चों के बीच पहुंचकर दिवाली की खुशियां बाटी। फाउंडेशन की अध्यक्ष योगिता सिन्हा ने उक्त अवसर पर कहा कि पृथ्वी फाउंडेशन सामाजिक उत्थान, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रही है। इसी कड़ी में नवापारा शहर के वंचित एवं अभावग्रस्त बच्चों के संग दिवाली मनाने फाउंडेशन के सभी सदस्य पहुंचे है। पैसे के अभाव में स्लम बस्ती के बच्चे दिवाली त्यौहार की खुशियों से वंचित न हो जाय। अभावग्रस्त बच्चों की दिवाली भी खुशियों वाली हो इस उद्देश्य से मिठाई फटाखे और बिस्किट वितरित की गई है। जिसमें फाउंडेशन के सदस्य सोनल महाडिक, सविता गोस्वामी, रुचि सेठ एवं वार्ड पार्षद नम्मू नारायण ध्रुव की विशेष सहभागिता रही।










प्रस्तुति : श्याम किशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय, राजिम, मो. 7987124123 लक्ष्मी पूजा एवं दीपावली पर बेहतरीन आकर्षक, रंगीन विज्ञापन के लिए संपर्क करें